**प्रेरणा**

समय और भाग्य पर कभी अहंकार मत करो क्योंकि ये दोनों परिवर्तनशील हैं।

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-5 • 17 MAY TO 23 MAY 2024 • VOLUME 42 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges & *Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD

CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply

# 4 जून के बाद गठबंधन बिखरेगा खटाखट-खटाखट

## प्रतापगढ़ में रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने राहुल गांधी पर किया पलटवार

**• जालंधर ब्रीज.** लखनऊ

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के शब्दों का स्पष्ट मजाक उड़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को इंडिया ब्लॉक पर हमला करते हुए कहा कि विपक्षी मोर्चा 4 जून के बाद "खटाखट खटाखट" बिखर जाएगा, जिस दिन लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने राहुल गांधी के राजस्थान में दिए गए भाषण में इस्तेमाल किए शब्दों का ही प्रयोग किया, जहां सांसद ने कहा था कांग्रेस सरकार देश के हर गरीब परिवार की एक महिला के बैंक खाते में 1 लाख रुपये (एक साल में) ट्रांसफर करेगी... अगर आप गरीबी रेखा से नीचे हैं तो हर साल 1 लाख रुपये (8,500 रुपये प्रति माह) खटाखट खटाखट आता रहेगा और एक झटका से हम हिंदुस्तान से गरीबी को मिटा देंगे। नाम लिए बिना प्रधानमंत्री ने कहा कि राहुल और कांग्रेस रायबरेली से हार जाएंगे। गांधी को उनकी मां की जगह लेने और उनके निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए चुना गया है। राहुल पर वार करते हुए मोदी ने कहा कि अमेठी से गए हैं, रायबरेली से भी जाएंगे।



**महलों में पैदा होने वाले इन शहजादों को न मेहनत की आदत है और ना ही नतीजे लाने की। इसलिए ये कहते हैं देश का विकास अपने आप होगा - खटाखट-खटाखट। ये कहते हैं कि भारत की गरीबी हम दूर कर देंगे- खटाखट... खटाखट। लेकिन अब इनको मालूम होना चाहिए कि रायबरेली की जनता भी इनको खटाखट... खटाखट भेजेगी घर।**

आगाम 4 जून के बाद इंडिया गठबंधन बिखर जाएगा खटाखट खटाखट; ये शहजादे गर्मी की छुट्टियों में विदेश की यात्रा पर निकल जायेंगे। मुझे सूचना मिली है कि टिकट भी बुक कर लिया गया है।

मोदी ने कहा कि इन शहजादों को ना मेहनत की आदत है और ना ही नतीजे लाने की...। इसलिए ये कहते हैं देश का विकास अपने आप होगा... देश का विकास खटाखट होगा। ये सोचते हैं कि भारत आत्मनिर्भर अपने आप बन जाएगा और पूछो तो कहते हैं- खटाखट...खटाखट। ये कहते हैं कि भारत की गरीबी हम दूर कर देंगे- खटाखट...खटाखट। लेकिन अब इनको मालूम होना चाहिए कि रायबरेली की जनता भी खटाखट... खटाखट भेजेगी घर। अमेठी से गए और अब ये रायबरेली से भी जाएंगे। देश चलाना, सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए बच्चों का खेल नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि शहजादे चाहे लखनऊ वाले हों या दिल्ली वाले... गर्मी की छुट्टियों पर विदेश निकल जाएंगे- खटाखट...खटाखट। और मैं गारंटी देता हूं कि आपकी सेवा के लिए दिन-रात एक करके काम करूंगा। मेरा पल-पल आपके नाम, मेरे शरीर का कण-कण आपके नाम। उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस के शहजादों के लिए देश का विकास, गिल्ली-डंडे के खेल की तरह है।

## हीटवेव की चेतावनी, 45 डिग्री तक पहुंच सकता है तापमान

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। दिल्ली में लोग बढ़ते तापमान के कारण झुलसती गर्मी से परेशान हो गए है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस सप्ताह संभावना जताई है कि पारा 45 डिग्री तक पहुंच सकता है। दिल्ली में सूरज की तपिश के कारण लोग झुलस रहे है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली एनसीआर में तापमान फिलहाल 40 डिग्री के आसपास चल रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार की सुबह न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत से एक डिग्री कम है।

मौसम कार्यालय ने दिन में आसमान मुख्यतः साफ रहने का पूर्वानुमान लगाया है और अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने की उम्मीद है। आईएमडी ने दिल्ली के लिए लू की स्थिति की भविष्यवाणी की है। आईएमडी ने अपने नवीनतम मौसम पूर्वानुमान में इस बात पर भी प्रकाश डाला कि अगले चार दिनों में दिल्ली सहित उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में लगभग 3-4 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की उम्मीद है। इसी तरह, मध्य भारत और गुजरात में अगले 4-5 दिनों में तापमान लगभग 2-4 डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान है।

# आपका वोट इस बार देश और संविधान को बचाने के नाम पर : अरविंद केजरीवाल

### कहा- मैंने अच्छे स्कूल, मुफ़्त इलाज, मुफ़्त बिजली और भ्रष्टाचार पर काम किया, इसलिए जेल में डाल दिया

**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़/अमृतसर



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को पंजाब के अमृतसर में आप उम्मीदवार कुलदीप सिंह धालीवाल के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे। रोड शो में हजारों आप समर्थक पार्टी के झंडे लहराते हुए और 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए उनके साथ शामिल हुए। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, आप उम्मीदवार कुलदीप सिंह धालीवाल और आप के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. संदीप पाठक ने रोड शो में शामिल होने आए स्थानीय लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अरविंद केजरीवाल ने अमृतसर के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जेल से बाहर आने के बाद वह तुरंत पंजाब आ गए। इन लोगों ने मुझे जेल में डाल दिया। मैं छोटा आदमी हूं, फिर भी उन्होंने मुझे जेल में डाल दिया। मैं सोच रहा था कि मेरी गलती क्या थी, मुझे जेल में क्यों डाला गया? हमारी पार्टी छोटी है, हमारी केवल दो राज्यों में सरकार है: दिल्ली और पंजाब में। मेरी ग़लती क्या है? उन्होंने कहा कि मेरी गलती ये है कि मैंने आपके बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की। आपके बच्चों के लिए अच्छे स्कूल बनवाये। मेरी गलती यह है कि मैंने आपके बच्चों का भविष्य बनाया। मेरी गलती है कि मैंने लोगों को मुफ्त बिजली दी। मेरी गलती यह है कि मैंने मोहल्ला क्लिनिक खोले, आपकी दवाएं मुफ्त की और सभी लोगों का इलाज मुफ्त किया।

बीजेपी पर निशाना साधते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये लोग संविधान बदलना चाहते हैं। इन लोगों के मन में बहुत खतरनाक मंसूबे हैं। वे बार-बार 400 का आंकड़ा पार करने की बात कह रहे हैं। लेकिन ये नहीं बता रहे थे कि 400 सीटें क्यों चाहिए? मैंने पता किया तो मालूम हुआ कि इनको ओबीसी और एससी एसटी वर्ग को मिले आरक्षण खत्म करने के लिए 400 सीटें चाहिए। केजरीवाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मेरी आजादी आप लोगों के वोटों पर ही निर्भर है। आपका वोट तय करेगा कि मैं जेल से बाहर रहूंगा या दोबारा जेल जाउंगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक चुनाव नहीं है, यह देश का संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। इस बार आपको देश का संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए मतदान करना होगा।

### धालीवाल हमारी मजबूत आवाजों में से एक : मान

रोड शो में उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए सीएम भगवंत मान ने कहा कि जेल से बाहर आने के बाद अरविंद केजरीवाल आज हमारे देश के लिए प्रार्थना करने के लिए अमृतसर की पवित्र भूमि पर आए हैं। उन्होंने भगवान से अपने देश को वापस सही रास्ते पर लाने की प्रार्थना की। मान ने कहा कि कल वे राम तीरथ मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे ताकि देश की बागडोर ईमानदार लोगों को मिल सके। सीएम मान ने कहा कि धालीवाल पंजाब की सबसे मजबूत आवाजों में से एक हैं। वह पंजाब के मुद्दे को संसद में उठाएंगे और पंजाब का बकाया फंड जारी करवाएंगे। उन्होंने लोगों से भारी अंतर से जीताकर उन्हें अपना प्रतिनिधि चुनने का आग्रह किया।

### स्वर्ण मंदिर व दुर्गियाणा मंदर में माथा टेका

रोड शो से पहले दोनों मुख्यमंत्रियों और आप उम्मीदवार कुलदीप सिंह धालीवाल ने स्वर्ण मंदिर और दुर्गियाना मंदिर में मत्था टेका और पंजाब की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। श्री दरबार साहिब के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए केजरीवाल ने कहा कि वह पंजाब की शांति और कल्याण के लिए यहां अरदास करने आए हैं। सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब करोड़ों लोगों की श्रद्धा का केंद्र है। यहां नतमस्तक होना मेरे लिए भी सौभाग्य की बात है। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने पंजाब की शांति और समृद्धि के लिए श्री दुर्गियाना मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने माता से पंजाब के लोगों की तरक्की और खुशी के लिए प्रार्थना की है।

## पूर्व रॉ और एनआईए प्रमुख दिनकर गुप्ता को मिली 'जेड+' सुरक्षा

**नई दिल्ली.** केंद्र ने पूर्व एनआईए प्रमुख दिनकर गुप्ता को 'जेड+' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह सुरक्षा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा प्रदान की जाएगी और मार्च 2024 से पंजाब, चंडीगढ़ और दिल्ली में लागू होगी। पंजाब कैडर के 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी दिनकर गुप्ता ने एनआईए के रूप में कार्य किया। जून 2022 से 31 मार्च 2024 तक प्रमुख। उन्होंने पहले पंजाब में पुलिस महानिदेशक (खुफिया) के रूप में कार्य किया है। खालिस्तानी आतंकी समूहों से बढ़ते खतरों के बीच सरकार की ओर से



दिनकर गुप्ता की सुरक्षा बढ़ाने का फैसला लिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार को प्रमुख पदों पर काम कर चुके अधिकारियों पर खतरे बढ़ने का संकेत देने वाली खुफिया जानकारी मिली है। खासतौर पर कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से चरमपंथी समूह और अधिक आक्रामक हो गए हैं।

## शुरुआती चार चरणों में 66.95 प्रतिशत मतदान, अब तक लगभग 451 मिलियन मतदाताओं ने किया मतदान

**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर

मौजूदा चुनावों के दौरान ईसीआई ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने आउटरीच प्रयासों के अंतर्गत मतदाताओं से वोट देने की अपील करने और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए विभिन्न प्रयासों की एक श्रृंखला शुरू की है। लोकसभा चुनाव 2024 में अब तक मतदान केंद्रों पर लगभग 66.95 प्रतिशत मतदान हुआ है, क्योंकि मौजूदा आम चुनावों के शुरुआती चार चरणों के दौरान लगभग 451 मिलियन लोगों ने मतदान किया है।

ईसीआई ने प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच कायम करने के लिए अपने लक्षित प्रयासों को बढ़ाया है। सीईसी राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग ने ईसी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ 5वें, 6वें और 7वें चरण में मतदान वाले राज्यों के सीईओ को सभी मतदाताओं को समय पर मतदाता सूचना पर्चियां वितरित करने और आउटरीच गतिविधियों को बढ़ाने का निर्देश दिया है।





मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि आयोग का दृढ़ विश्वास है कि साझेदारी और सहयोग मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अनिवार्य स्तंभ हैं। वास्तव में यह खुशी की बात है कि आयोग के अनुरोध पर विभिन्न संस्थान, प्रभावशाली व्यक्ति और महत्वपूर्ण पहुंच रखने वाली मशहूर हस्तियां कंधे से कंधा मिलाकर उत्साहपूर्वक काम कर रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा, अधिक संख्या में मतदान, भारतीय मतदाताओं की ओर से दुनिया को भारतीय लोकतंत्र की ताकत के बारे में एक संदेश होगा। उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेकर भारी संख्या में मतदान करें, क्योंकि मतदान दिवस कोई छुट्टी का दिन नहीं, बल्कि गौरव का दिन है।

## स्वाति मालीवाल ने कराई बदसलूकी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज

**नई दिल्ली.** दिल्ली पुलिस की एक टीम ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल के आवास पर जाकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी दल के एक सदस्य द्वारा उन पर किए गए कथित हमले के संबंध में उनका बयान दर्ज किया। आप सांसद ने अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार द्वारा की गई मारपीट की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (एसीपी) रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने राज्यसभा सांसद से विवरण मांगने में लगभग चार घंटे बिताए। आप की राज्यसभा सांसद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व प्रमुख मालीवाल



नई दिल्ली के एक पुलिस स्टेशन गईं और आरोप लगाया कि केजरीवाल के निजी स्टाफ के एक सदस्य बिभव कुमार ने उनके साथ मारपीट की। हालाँकि, उस वक्त उन्होंने कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई थी। आरोपों के एक दिन बाद आप ने आरोपों की पुष्टि की और कहा कि पार्टी प्रमुख केजरीवाल ने मामले में कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा डिप्टी कमिशनरों, सीपीज़ और एसएसपीज़ के साथ समीक्षा मीटिंग

# राज्य में फ्लाइंग स्क्वाड, आबकारी टीमों का गठन और सरहदी जांच चौकियां स्थापित करने के निर्देश

**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतमयी मतदान यकीनी बनाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने आज सभी ज़िला निर्वाचन अफ़सरों-कम-डिप्टी कमिशनरों, पुलिस कमिशनरों और एस. एस. पीज़ के साथ उच्च-स्तरीय मीटिंग की। मीटिंग के दौरान उन्होंने राज्य में 1 जून, 2024 को पड़ने वाली वोटों सम्बन्धी ज़िला स्तर पर किये गए प्रबंधों का जायज़ा लिया।

वीडियो कानफरंसिंग के द्वारा समीक्षा मीटिंग करते हुये सिबिन सी ने अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गए सभी दिशा-निर्देशों



की सख़्ती के साथ पालना को यकीनी बनाने के लिए कहा। उन्होंने राज्य भर में नशीले पदार्थों, नकदी, हथियार, और अन्य ग़ैर कानूनी वस्तुओं की आमद को रोकने के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता की सख़्ती से पालना के साथ-साथ उड़न दस्तों और आबकारी टीमों के गठन सहित सरहदी जांच चौकियाँ स्थापित करने पर ज़ोर दिया। वोटों वाले दिन संभावित गर्मी के मद्देनज़र सिबिन सी ने अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में सभी पोलिंग स्टेशनों पर ज़रूरी सहूलतें यकीनी बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने आगे कहा कि निष्पक्ष और शांतमयी चुनाव प्रक्रिया को यकीनी बनाते हुये 'इस बार 70 पार' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर संभव कदम उठाए जाएँ।

सिबिन सी ने अधिकारियों को पोलिंग बूथों पर वोटरों की सुविधा के लिए अलग-अलग सुविधाओं जैसे कि वोटरों को आकर्षित करने के लिए गुलाबी और हरे रंग के पोलिंग बूथों के साथ-साथ नौजवानों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अलग बूथ लगाने के लिए भी कहा। इसके साथ ही उन्होंने दिव्यांग वोटरों के लिए विशेष सहूलतों का प्रबंध करने के साथ-साथ राज्य भर के हर पोलिंग स्टेशन पर कम से कम एक व्हीलचेयर की उपलब्धता यकीनी बनाने के लिए भी कहा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को सभी उम्मीदवारों की सुरक्षा को यकीनी बनाने और अमन-कानून की स्थिति कायम रखने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर उन्होंने केंद्रीय बलों की तैनाती और अन्य प्रबंधों का जायज़ा लिया। इसके साथ ही उन्होंने ज़िला अधिकारियों से वोटर सूचियों की अंतिम प्रकाशना की स्थिति और वोटर स्लिपों के वितरण के प्रबंधों के बारे भी जानकारी माँगी।

## भाजपा जिला महिला मोर्चा ने चुनावों को लेकर महिला कार्यकर्ताओं का किया महासम्मेलन



**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर

भारतीय जनता पार्टी जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष शमा चौहान की अध्यक्षता में लोकसभा चुनावों को लेकर महिला कार्यकर्ताओं का महासम्मेलन भाजपा प्रदेश कार्यालय विजय रिजॉर्ट मकसूदां में संपन्न हुआ। इसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश प्रभारी विजय रुपाणी, करमजीत कौर चौधरी,प्रदेश महामंत्री राकेश राठौर,प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष शैली खन्ना,सुनीता रिंकु,जिला भाजपा अध्यक्ष सुशील शर्मा,जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष शमा चौहान,जिला महिला मोर्चा प्रभारी व जिला महामंत्री राजेश कपूर, दीपाली बागड़िया, शालू आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए।

## चुनाव आब्जर्वरो के मोबाइल नंबर जारी

**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर

भारत चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 04-जालंधर (अ.ज.) के लिए आम चुनाव की प्रक्रिया की निगरानी के लिए जनरल आब्जर्वर जे मेघनाथ रेड्डी आईएएस, पुलिस आब्जर्वर सतीश कुमार गजभीए आईपीएस एवं खर्च आब्जर्वर माधव देशमुख आई.आर.एस. को नियुक्त किया गया है। यदि किसी उम्मीदवार, राजनीतिक दल के प्रतिनिधि को चुनाव प्रक्रिया के संबंध में कोई शिकायत है, तो वे जनरल आब्जर्वर श्री जे मेघनाथ रेड्डी से 86992-08204, पुलिस आब्जर्वर सतीश कुमार गजभीए से 86992-40504 और खर्च आब्जर्वर माधव देशमुख से 86991-86304 से सीधे संपर्क कर सकते है।

# मनाली की इन जगहों को कम ही लोग करते हैं एक्सप्लोर

**TRAVELLING**

*हिमाचल प्रदेश के मनाली में ज्यादातर लोग घूमने-फिरने के लिए जाते हैं। लेकिन यहां पर कुछ ऐसी जगहें हैं जहां पर बहुत कम ही लोग घूमने के लिए जाते हैं।*

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

शिमला और मनाली दोनों ऐसे हिल स्टेशन हैं, जहां पर ज्यादातर लोग घूमने-फिरने के लिए जाते हैं। देश और विदेश से खूब टूरिस्ट मनाली की सैर करने के लिए जाते हैं। गर्मियों में इस हिल स्टेशन में टूरिस्टों की खूब भीड़ लग जाती है। बर्फीली चोटियों और देवदार के पेड़ों से चारों तरफ से घिरा मनाली टूरिस्टों को खूब पसंद आता है। यहां पर आप की जगहों को एक्सप्लो कर सकते हैं। हालांकि, अगर आप किसी ऐसी जगह की तलाश में हैं जो शांत और खूबसूरत हो तो आपको मनाली के आसपास की जगहों को एक्सप्लोर करना चाहिए। इन जगहों को बहुत कम लोग ही एक्सप्लोर करने के लिए जाते हैं। देखिए, उन जगहों के बारे में-

**मनु मंदिर-** मनाली में कई मंदिर हैं, लेकिन पुरानी मनाली में मनु मंदिर एक खास मंदिर है। ऐसा माना जाता है कि ये ऋषि मनु को समर्पित दुनिया का एकमात्र मंदिर है। यह मंदिर अपनी लकड़ी की वास्तुकला और शांतिपूर्ण माहौल के लिए जाना जाता है।

**तीर्थन वैली-** मनाली से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित, तीर्थन वैली एक कम फेमस डेस्टिनेशन है, जहां आपको शांत वातावरण मिलता है। यह अपनी साफ नदी, घने जंगलों, मछली पकड़ने और ट्रैकिंग जैसी एक्टिविटी के लिए जाना जाता है।

**गुलाबा-** रोहतांग पास के रास्ते में बसा गुलाबा बर्फ से ढकी चोटियों के अद्भुत नजारों वाला एक सुंदर गांव है। यह रोहतांग पास की तुलना में कम भीड़भाड़ वाली जगह है और प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफरों के लिए एक शांतिपूर्ण जगह है।

सेथन गांव- मनाली में किसी नई जगहों को एक्सप्लोर करना चाहती हैं तो सेथन गांव जाएं। पर्यटकों की भीड़ से दूर, सेथन गांव मनाली के पास एक छोटा और शांत गांव है। यह लोकल लाइफस्टाइल का अनुभव करने, प्रकृति का मजा लेने और पैराग्लाइडिंग जैसी एक्टिविटी को एंजॉय करने के लिए एक बेस्ट प्लेस है।



**SKIN CARE**

## आलिया भट्ट का देसी लुक जीत लेगा आपका दिल, ब्लाउज डिजाइन पर हो जाएंगे फिदा

**मेट गाला 2024 में आलिया भट्ट के देसी लुक ने सबको दीवाना बना दिया। साड़ी में सजी आलिया बेहद खूबसूरत लग रही थी। यहां देखिए उनकी फोटोज और लुक की डिटेल्स-**



• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने साल 2023 मेट गाला में अपना डेब्यू किया था। अब मेट गाला 2024 की शुरुआत में ही एक्ट्रेस की चर्चाएं हो रही हैं। हो भी क्यों आखिर विदेश में जाकर आलिया ने अपने देसी लुक का जलवा जो बिखेरा है। इस साल के ड्रेस कोड, 'द गार्डन ऑफ टाइम' को फॉलो करते हुए एक्ट्रेस ने सब्यसाची द्वारा डिजाइन की हुई साड़ी पहनी है। जो लंबी ट्रेल के साथ है, साथ ही इसपर हाथ से फूलों की कढ़ाई की गई है।

### सुंदरता से जीता दिल

आलिया का लुक सामने आते हीं हर तरफ उनकी तारीफ हो रही है। लोगों को उनकी साड़ी तो खूब पसंद आई ही है, साथ ही उनका अंदाज भी खूब पसंद आया है। आलिया की खूबसूरत स्माइल ने उनके लुक कई गुना खूबसूरत बनाया है।

### खास है साड़ी

ये साड़ी सब्यसाची द्वारा डिजाइन की गई है। इस खूबसूरत साड़ी को बनाने के लिए हाथ की कढ़ाई की गई है। साथ ही इसमें कीमती स्टोन्स, मनके और झालरें लगाई गई हैं। ये फ्रिंजेस1920 की फ्रिंज स्टाइल की हैं। वहीं इस साड़ी में अलग-अलग रंग हैं। ये रंग पृथ्वी, आकाश और समुद्र से जुड़े हैं, इन रंगों का इस्तेमाल प्रकृति की सुंदरता को श्रद्धांजलि देने के लिए किया गया है।

### साड़ी बनाने में लगे इतने घंटे

इस खूबसूरत साड़ी को 163 लोगों ने मिलकर तैयार किया है। इस साड़ी को बनाने में कुल 1965 घंटे लगे हैं।

ब्लाउज डिजाइन ने जीता दिल

साड़ी के साथ अगर सही ब्लाउज को पेयर किया जाए तो लुक और भी ज्यादा खिल जाता है। एक्ट्रेस ने इस साड़ी से मैच करते ब्लाउज को कैरी किया है। जिसके साथ नेट की स्लीव्स हैं। ये डबल फ्रिल मेगा लेंथ स्लीवस हैं। वहीं बैक से डीप वी नेक है और इसके अंत में एक खूबसूरत बो बनाई गई है।

### मेकअप और हेयरस्टाइल

एक्ट्रेस नें मेकअप और हेयरस्टाइल पुराने समय को सोचते हुए बनाया है। हेयरस्टाइल के लिए उन्होंन बालों की छोटी-छोटी चोटियां बनाकर उनका ऊंचा बन बनाया है। जिसे हल्का मैसी लुक दिया गया है। इस हेयर स्टाइल को उन्होंने एक सुंदर हेड पीस से सजाया है। वहीं मेकअप को ग्लोइंग और सिंपल रखा है।



*डिस्क्लेमर : इस आर्टिकल में बताई विधि, तरीकों व दावों को केवल सुझाव के रूप में लें। इस तरह के किसी भी उपचार/दवा/डाइट और सुझाव पर अमल करने से पहले डॉक्टर या एक्सपर्ट से सलाह लें।*

## करेले की कड़वाहट चुटकियों में होगी दूर, बस अपनाएं ये टिप्स

**करेले स्वाद में काफी ज्यादा कड़वे होते हैं, यही वजह है कि ज्यादातर लोग और खासकर बच्चे इन्हें खाना पसंद नहीं करते हैं। हालांकि, कुछ टिप्स को अपनाकर कड़वाहट कम करें।**



• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

करेले सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं। इसमें आयरन, फाइबर, विटामिन ए, विटामिन सी और जिंक पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। पोषक तत्वों से भरपूर होने के बावजूद भी लोग इसे कम ही खाना पसंद करते हैं। इसका स्वाद हर किसी को पसंद नहीं होता। क्योंकि ये थोड़े कड़वे होते हैं। ऐसे में बच्चे तो इन्हें देखते नाक मुंह सिकोड़ने लगते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ टिप्स को अपनाकर करेले की कड़वाहट को कम किया जा सकता है। यहां जानिए करेले की कड़वाहट कम करने की टिप्स-

**कैसे कम करें करेले की कड़वाहट**

- करेले के कड़वेपन को कम करने के लिए उन्हें हल्का सा उबाल दें और कुछ देर ठंडा होने के लिए रखें। जब ये ठंडे हो जाएं तो इसे हाथों से हल्का दबाएं और फिर उसमें से पानी निकाल लें। अब इन करेलों की भरवा सब्जी बना सकते हैं।
- करेले को धोने के बा उन्हें काटकर एक प्लेट में रख लें और फिर इसमें हल्दी पाउडर और नमक मिलाकर रख दें। इन्हें कम से कम दो घंटे के लिए छोड़ दें। फिर इसका पानी निचोड़ लें। अब इसकी सूखी सब्जी बनाकर तैयार करें।
- करेले की कड़वाहट को कम करने के लिए उन्हें नमक के पानी में कुछ मिनट या उससे ज्यादा समय तक उबालें। ऐसा करने से भी इसकी कड़वाहट कम होती है। आप कुछ देर के लिए करेले में नमक लगाकर भी छोड़ सकते हैं। इससे भी कड़वाहट काफी हद तक कम होती है।

## बच्चों के दिनभर के झगड़े से हैं परेशान, जानें कैसे बढ़ सकता है आपसी प्यार

**जालंधर ब्रीज (फीचर) .** घर में एक से ज्यादा बच्चे हों, तो शुरुआती सालों में माता-पिता की अधिकांश ऊर्जा उनके लड़ाई-झगड़े को खत्म करने में ही लगती है। पर, भाई-बहन सिर्फ लड़ाई ही नहीं करते। वे एक-दूसरे के सामाजिक, भावनात्मक और संज्ञानात्मक विकास में अहम भूमिका भी निभाते हैं। जिन भाई-बहनों का रिश्ता बचपन में खुशनुमा होता है, वे एक खुशहाल और आत्मविश्वास से भरपूर युवा के रूप में बड़े होते हैं। वहीं, भाई-बहनों के बीच में होने वाली लड़ाई का असर भावनात्मक सेहत, आत्मविश्वास और सोशल स्किल्स पर जिंदगी भर के लिए देखा जा सकता है। कैसे परवरिश के अपने इस लक्ष्य को हासिल करें।




**एक जैसा नियम, सबके लिए :** परिवार के सभी सदस्यों के लिए एक जैसे नियम-कायदे तय करें और इस बात की तसदीक करें कि सभी सदस्य अपने अलग-अलग उम्र के बावजूद उन नियमों का मानें। नियमों की इस सूची में एक-दूसरे को नीचा ना दिखाना, चीख-चिल्लाकर बात ना करना, बिना अनुमति के किसी का सामान न लेना, एक-दूसरे की मदद करना आदि जैसे नियमों को शामिल करें। बच्चों के सामने अपने आचरण से एक अच्छा उदाहरण पेश करें। घर में जब नया बच्चा आए तो बड़े भाई या बहन को उसकी देखभाल में शामिल करें। इसमें नए बच्चे को लोरी सुनाने से लेकर उसके कपड़े अलमारी से लाने तक की जिम्मेदारी आप बड़े बच्चे को दे सकती हैं। उम्र बढ़ने पर उन्हें साथ मिलकर अपना कमरा ठीक करने, खाना खाते वक्त डाइनिंग टेबल पर पानी की व्यवस्था करने या एक साथ पजल सॉल्व करने जैसी जिम्मेदारियां दें। इससे बच्चों में आपसी जुड़ाव और विश्वास बढ़ेगा।

**तुलना करने से बचिए :** क्या आप जानती हैं, भाई-बहनों के बीच आपसी प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने में जाने-अनजाने में माता-पिता भी अहम भूमिका निभाते हैं। हर बच्चा अलग है और अलग हैं उनके गुण। ऐसे में बच्चों के बीच तुलना करने से बचने की कोशिश करें। एक बच्चे की तारीफ दूसरे बच्चे में दोष निकालकर ही की जाए, जरूरी नहीं। 'तुम अपनी बहन की तरह कमरे को साफ-सुथरा क्यों नहीं रख सकते' की जगह बेटे को यह कहें कि 'मैं जानती हूं कि तुम दोनों का तरीका अलग-अलग है, पर कमरे को साफ और व्यवस्थित रखना भी तो जरूरी है।' बच्चे की उम्र को ध्यान में रखते हुए उन्हें बार-बार यह बताएं कि भाई-बहन का होना उनकी जिंदगी को किस तरह से बेहतर बनाता है।

**बराबरी को दें बढ़ावा :** बच्चे को आपसी अनबन को सही तरीके से सुलझाने का तरीका सिखाएं। भाई-बहनों का रिश्ता अन्य रिश्तों के जैसा ही होता है। बच्चों को एक-दूसरे की बात सुनना, अपनी भावनाओं को सही तरीके से व्यक्त करना, सामने वाले के नजरिये को समझने की कोशिश करना और सम्मानजनक तरीके से अपनी बात को सामने रखना सिखाएं।

## पौधों में पानी डालने का काम ना समझें बोरिंग, हेल्थ के लिए है इस तरह फायदेमंद

• **जालंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

घर की बालकनी में लगे पौधों में पानी डालने का काम अक्सर मम्मी पापा ही करते हैं। बच्चों को अक्सर गार्डनिंग में कोई इंटरेस्ट नहीं होता। लेकिन आप जानते हैं कि अगर हर दिन पेड़ों की देखभाल की जाए, पानी डाला जाए. तो इसका सेहत पर भी असर होता है। गार्डनिंग केवल हॉबी नहीं है बल्कि ये एक तरह की मेंटल एक्सरसाइज है। जिसे करने से आसानी से हेल्दी रहा जा सकता है।

**मूड को करता है ठीक _** जो लोग गार्डनिंग करते हैं उनका कहना है कि इससे मूड सही होता है और एंजायटी दूर करने में मदद मिलती है। एक्सपर्ट का मानना है कि जो लोग डेली रूटीन में गार्डनिंग करते हैं उनमे डिप्रेशन में जाने के चांस कम हो जाते है। ऐसे लोग ज्यादा रिलैक्स और संतुष्ट महसूस करते हैं।

**इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है_** जब आप गार्डनिंग करते हैं तो हमेशा सनलाइट में करते हैं। और इस सनलाइट से विटामिन डी शरीर को मिलता है। जो कैल्शियम अब्जॉर्ब करने में मदद करता है और इससे इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है। साथ ही हड्डियों को भी मजबूती मिलती है। इसलिए गार्डनिंग करने वाले बुजुर्ग अक्सर हेल्दी और हेप्पी रहते हैं।

**वर्कआउट भी हो जाता है _** अगर आप हर दिन एक घंटे तक बागवानी करते हैं तो इससे शरीर का वर्कआउट भी हो जाता है। गमलों को एक जगह से दूसरी जगह उठाकर ले जाना, मिट्टी सही करना, खाद डालना, पानी से भरे बाल्टी को हटाना, साफ-सफाई करना बागवानी करने में भी कई काम है जो शरीर के लिए वर्कआउट का काम करते हैं।



बागवानी करने, घर में पेड़-पौधे लगाने से केवल सुंदरता ही नहीं बढ़ती बल्कि ये आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इससे मेंटल और फिजिकल दोनों हेल्थ पर पॉजिटिव असर डालता है।

**हार्ट को हेल्दी रहने में मदद _** बागवानी ना केवल मन को रिलैक्स और स्ट्रेस फ्री करती है बल्कि फिजिकली एक्टिव रखने में मदद करती है। जिसकी वजह से शरीर में कोलेस्ट्रॉल का लेवल भी कम रहता है और हार्ट हेल्दी रहता है।

# स्वीप अभियान के तहत वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई

## एडीसी और एसडीएम ने लोगों से मतदान के अधिकार का अधिक से अधिक प्रयोग करने का आग्रह किया







**• जालंधर ब्रीज.** कोट धरमू/मानसा

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त परमवीर सिंह के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त उपायुक्त निर्मल ओसेपचान के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सहायक रिटर्निंग अधिकारी-कम-एसडीएम सरदूलगढ़, नितेश जैन, आईएएस ने किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त (जी) निर्मल ओसेपचन, आई.ए.एस. एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी-कम-एसडीएम सरदूलगढ़ नितेश जैन ने लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया और लोकसभा चुनाव में वोट के अधिकार का उपयोग करने का संदेश दिया। एसडीएम नितेश जैन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के 22 मिडिल, हाई और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के 400 विद्यार्थियों और कला शिल्प शिक्षकों की 40 टीमों ने भाग लिया और लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

छात्रों ने अपनी कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए लगभग 5000 वर्ग फुट क्षेत्र को चित्रों से सजा दिया। इस अवसर पर ग्रामवासियों के सहयोग से जिला प्रशासन ने प्रतिभागियों के लिए विशेष व्यवस्था की। छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक मेडिकल टीम भी तैनात की गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा), भूपिंदर कौर और उनकी टीम जिसमें प्रिंसिपल, परमजीत सिंह भोगल, प्रिंसिपल शामिल हैं। इस कार्यक्रम में कमलजीत कौर, प्रिंसिपल कुलदीप सिंह, हेड मास्टर हरप्रीत सिंह, जिला स्वीप नोडल अधिकारी नरिंदर सिंह मोहल और सरदूलगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में स्वीप के नोडल अधिकारी अंग्रेज सिंह उपस्थित थे।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार उदित वोहरा एवं बीडीपीओ कुसुम भी मौजूद रहीं। पूरा कार्यक्रम डेरा नामधारी बाबा जंग सिंह जी कोट धरमू, नगर पंचायत, सरकारी हाई और प्राइमरी स्कूल कोट धरमू के स्टाफ और गांव के निवासियों के सहयोग से किया गया।



'हर काम देश के नाम'

## चंडीमंदिर वेस्टर्न कमांड हॉस्पिटल में जीवन रक्षक आपातकालीन मल्टी ऑर्गन हार्वेस्ट सर्जरी की गई

**• जालंधर ब्रीज .** चंडीगढ़

पश्चिमी कमान अस्पताल, चंडीमंदिर की अंग उपयोजन और प्रत्यारोपण टीम ने हिमाचल प्रदेश के पालमपुर के 70 वर्षीय निवासी मृतक सूबेदार (सेवानिवृत्त) अर्जुन सिंह संगोत्रा पर एक बढ़िया ढंग से मल्टी ऑर्गन हार्वेस्ट प्रक्रिया संचालित की, जिन्होंने भारतीय सेना की जम्मू और कश्मीर राइफल्स में 30 वर्षों तक सेवा निभाई। ब्रेन स्ट्रोक के कारण आईसीयू में उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। मृतक के परिजनों ने लीवर, किडनी और कॉर्निया दान करने का फैसला किया, जिससे गंभीर रूप से बीमार तीन सैनिकों को नया जीवन मिला है।

प्रत्यारोपण टीम का नेतृत्व प्रोफेसर और सर्जिकल टीम के प्रमुख ब्रिगेडियर अनुज शर्मा और मुख्य प्रत्यारोपण समन्वयक, कर्नल अनुराग गर्ग ने किया। ट्रांसप्लांट टीम ने मृतक के अंगों को एक घंटे के भीतर निकालने और इसके लिए स्थापित ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से दिल्ली छावनी के आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) तक पहुंचाने के लिए रात भर का मैराथन ऑपरेशन किया।

वेस्टर्न कमांड हॉस्पिटल, चंडीमंदिर जो कि आशा की किरण बना हुआ है, ने अंग दान के उद्देश्य को बढ़ावा देने में मिसाल कायम की है। इस निस्वार्थ कार्य के लिए मृतक के परिवार की भी सराहना की जा रही है।





## भारत-जिम्बाब्वे संयुक्त व्यापार समिति का तीसरा सत्र नई दिल्ली में संपन्न

*दोनों पक्ष डिजिटल परिवर्तन समाधान, टेली-मेडिसिन, कच्चे हीरे, त्वरित भुगतान प्रणाली और पारंपरिक चिकित्सा में सहयोग की संभावनाओं का पता लगाएंगे*

*भू-स्थानिक क्षेत्र, मशीनरी और यांत्रिक उपकरण, वाहन, खनिज ईंधन, विद्युत मशीनरी की पहचान द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के संभावित क्षेत्रों के रूप में की गई*

**• जालंधर ब्रीज .** नई दिल्ली

भारत-जिम्बाब्वे संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) का तीसरा सत्र 13.05.2024 से 14.05.2024 तक नई दिल्ली में आर्थिक सलाहकार, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, प्रिया पी. नायर और मुख्य निदेशक, आर्थिक सहयोग, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और प्रवासी, विदेश मामले और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्रालय, जिम्बाब्वे सरकार, रूडो. एम. फ़रानिसी. की सह-अध्यक्षता में संपन्न हुआ। ज़िम्बाब्वे के प्रतिनिधिमंडल में ज़िम्बाब्वे दूतावास के प्रभारी राजदूत पीटर होबवानी और संबंधित मंत्रालयों के 15 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

इस दौरान चर्चाएं सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुईं। दोनों पक्षों में व्यापक सहयोग, लंबित मुद्दों के समाधान, व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने और जनता के बीच परस्पर संपर्क बढ़ाने के प्रति उत्साह देखा गया।

दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच मौजूद अपार संभावनाओं पर गौर किया। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर सहमति प्रकट की। दोनों पक्षों ने डिजिटल परिवर्तन समाधान, टेली-मेडिसिन, कच्चे हीरे, त्वरित भुगतान प्रणाली और पारंपरिक चिकित्सा आदि के क्षेत्र में नियामक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की संभावनाएं तलाशने पर सहमति व्यक्त की।



दोनों पक्षों ने फार्मास्यूटिकल्स, भू-स्थानिक क्षेत्र, स्वास्थ्य देखभाल, मशीनरी और यांत्रिक उपकरणों, वाहनों, विद्युत मशीनरी, खनिज ईंधन, खनिज तेल और आसवन उत्पादों, प्लास्टिक सामग्री, लोहा और इस्पात, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, इंजीनियरिंग क्षेत्र, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल अर्थव्यवस्था, कपड़ा, क्षमता निर्माण आदि में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए फोकस के कई क्षेत्रों की पहचान की।

दोनों पक्ष अपने यहां की निवेश संवर्धन एजेंसियों और वाणिज्य मंडलों के बीच घनिष्ठ सहयोग बनाने पर भी सहमत हुए। भारत-जिम्बाब्वे जेटीसी के तीसरे सत्र का विचार-विमर्श सौहार्द और दूरदर्शिता से भरपूर रहा, जो दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण और विशेष संबंधों को इंगित करता है।

## अब यूक्रेन में मचेगी तबाही, अमेरिका भी नहीं कर पाएगा रक्षा? जिनपिंग से मिलने चीन पहुंचे पुतिन

**• जालंधर ब्रीज .** वर्ल्ड न्यूज

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने दोस्त और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने के लिए चीन पहुंच गए हैं। पांचवीं बार राष्ट्रपति की कुर्सी संभालने के बाद पुतिन की यह पहली विदेश यात्रा है और 6 महीने के भीतर दूसरी बार चीन पहुंचे हैं। पुतिन की चीन यात्रा पर अमेरिका और यूक्रेन समेत तमाम पश्चिमी देश नजर गड़ाए हुए हैं। यूक्रेन अपना दूसरा सबसे बड़ा शहर खारकीव गंवा चुका है और हथियारों की कमी और सैनिकों के मनोबल गिरने के बाद उस पर हार का खतरा भी मंडरा रहा है। ऐसे में पुतिन की चीन यात्रा यूक्रेन के लिए नई अनहोनी ला सकती है।

व्लादिमीर पुतिन का चीन पहुंचते ही भव्य स्वागत किया गया। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की सशस्त्र शाखा पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक ऑनर गार्ड ने पुतिन से मुलाकात की। मोटरसाइकिलों पर सैन्य पुलिस की एक ब्रिगेड उनके काफिले के साथ शहर में आई। कुछ देर में उनकी शी जिनपिंग और अन्य शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक होने की उम्मीद है।

**यूक्रेन युद्ध के बाद पुतिन और जिनपिंग की दोस्ती बढ़ी :** फरवरी 2022 में जब रूसी सेना ने यूक्रेन पर पूरी ताकत से हमला किया तो अमेरिका और तमाम पश्चिमी देश उस पर भड़क गए। व्लादिमीर पुतिन पर प्रतिबंधों की बौछार की। यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी हुआ। दूसरी ओर चीन ने पुतिन के साथ अपनी दोस्ती जारी रखी और उसे आगे बढ़ाया। पुतिन और जिनपिंग कई मौकों पर कह चुके हैं कि रूस और चीन की दोस्ती की कोई सीमा नहीं है। हालांकि दोनों निजी रूप से कितने अच्छे दोस्त हैं, इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती। चीन का पुतिन से दोस्ती बढ़ाना यूं ही नहीं है, मामले के जानकार बताते हैं कि चीन अमेरिका को अपना प्रतिद्वंद्वी मानता है। इसलिए अमेरिका और पश्चिमी देशों



को चिढ़ाने के लिए उसने रूस से हाथ मिलाया है।

**पुतिन की चीन यात्रा पर क्यों उठ रहे सवाल :** रूसी नेता की दो दिवसीय यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब उनके देश की सेना ने पूर्वोत्तर यूक्रेन के खारकीव क्षेत्र में अभियान तेज कर दिया है। रूसी सेना दावा कर रही है कि उसने खारकीव के 9 इलाकों पर अपना कब्जा कर दिया है और वह लगातार आगे बढ़ रही है। हालांकि हथियारों की कमी झेल रही यूक्रेनी सेना को उम्मीद है कि वह एक बार फिर रूसी सेना को खारकीव से पछाड़ने में कामयाब होगी। खारकीव में रूसी सेना को इतनी बढ़ी सफलता फरवरी 2022 के बाद अब जाकर मिली है, तब से वह यूक्रेनी सैनिकों के आगे संघर्ष कर रही थी।

**यूक्रेन युद्ध में रूस के साथ है चीन :** चीन यूक्रेन युद्ध पर शांतिपूर्ण बैठक और युद्ध खत्म करने की पैरवी करता आया है। हालांकि इससे उलट एक सच्चाई यह भी है कि चीन ने यूक्रेन युद्ध में राजनीतिक रूप से रूस का समर्थन किया है और वह युद्ध के दौरान रूस को मशीन कलपुर्जे, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य वस्तुओं का निर्यात जारी रखे हुए है। चीन ने रूस-यूक्रेन युद्ध में खुद को तटस्थ दिखाने की कोशिश की है, लेकिन पश्चिमी देशों के खिलाफ रूस के साथ अपने संबंधों को 'असीमित' घोषित किया है।

**अमेरिका ने यूक्रेन के लिए खोला खजाना :** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर के हथियार सौदे की घोषणा की है। ब्लिंकन यूक्रेन को अमेरिकी मदद को लेकर आश्वस्त करने के लिए कीव में हैं और इस दौरान बुधवार को यह घोषणा की गई। यूक्रेन रूस के नये हमलों का मुकाबला करने की तैयारी कर रहा है। ब्लिंकन ने कीव की दो दिवसीय यात्रा के दौरान कार्यक्रम में कहा कि बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर, मध्यम और दीर्घकालिक विदेशी सैन्य वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने कहा कि ज्यादातर पैसा लगभग 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर, कांग्रेस द्वारा पारित और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा हस्ताक्षरित पूरक विदेशी सहायता कानून में यूक्रेन को आवंटित 60 अरब अमेरिकी डॉलर की धनराशि के तहत मिला है।

## साइबर अपराधियों द्वारा पुलिस, NCB, CBI, RBI और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों का रूप धारण कर साइबर अपराधियों द्वारा 'ब्लैकमेल' और 'डिजिटल अरेस्ट' की घटनाओं के खिलाफ अलर्ट

**• जालंधर ब्रीज .** नई दिल्ली

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर साइबर अपराधियों द्वारा पुलिस अधिकारियों, केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI), नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियां का रूप धारण कर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और "डिजिटल अरेस्ट" जैसी वारदातों को अंजाम देने के संबंध में बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की जा रही हैं।

ये धोखेबाज आमतौर पर संभावित पीड़ित को कॉल करते हैं और कहते हैं कि पीड़ित ने कोई पार्सल भेजा है या प्राप्त किया है जिसमें अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई अन्य प्रतिबंधित वस्तु है। कभी-कभी, वे यह भी सूचित करते हैं कि पीड़ित का कोई करीबी या प्रिय व्यक्ति किसी अपराध या दुर्घटना में शामिल पाया गया है और उनकी हिरासत में है। ऐसे कथित "केस" में समझौता करने के लिए पैसे की मांग की जाती है। कुछ मामलों में, पीड़ितों को "डिजिटल अरेस्ट" का सामना करना पड़ता है और उनकी मांग पूरी न होने तक पीड़ित को स्काइप या अन्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म पर धोखेबाजों के लिए उपलब्ध रहने पर मजबूर किया जाता है। ये जालसाज़ पुलिस स्टेशनों और सरकारी कार्यालयों की तर्ज पर बनाए गए स्टूडियो का उपयोग करने में माहिर होते हैं और असली दिखने के लिए वर्दी पहनते हैं।



देशभर में कई पीड़ितों ने ऐसे अपराधियों के जाल में फंस कर बड़ी मात्रा में धन गंवाया है। यह एक संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है और ऐसा माना जाता है कि इसे सीमापार आपराधिक सिंडिकेट द्वारा संचालित किया जाता है।

गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C), देश में साइबर अपराध से निपटने से संबंधित गतिविधियों का समन्वय करता है। गृह मंत्रालय इन साइबर अपराधों से निपटने के लिए अन्य मंत्रालयों और उनकी एजेंसियों, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) और अन्य संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है। I4C ऐसे मामलों की पहचान और जांच के लिए राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस अधिकारियों को इनपुट और तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहा है।

I4C ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से ऐसी गतिविधियों में शामिल 1,000 से अधिक स्काइप आईडी को भी ब्लॉक कर दिया है। यह धोखेबाजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले सिम कार्ड, मोबाइल उपकरणों और म्यूल खातों को ब्लॉक करने में भी मदद कर रहा है। I4C ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'Cyberdost' पर इन्फोग्राफिक्स और वीडियो के माध्यम से विभिन्न अलर्ट भी जारी किए हैं, जैसे कि X, फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स।

नागरिकों को इस प्रकार की जालसाज़ी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरुकता फैलाने की सलाह दी जाती है। ऐसी कॉल आने पर नागरिकों को तत्काल साइबरक्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या www.cybercrime.gov.in पर सहायता के लिए इसे रिपोर्ट करना चाहिए।

# क्या इलेक्शन कोड में शहर में सफाई करने पर भी रोक लग जाती है ?

• **विशेष रिपोर्टर .** जालंधर

**भारत में** इस समय राजनीतिक दलों का इम्तिहान चल रहा और सभी राजनीतिक दल अपनी ओर से दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और सत्ता में चल रही भाजपा को हराने में कांग्रेस जैसे प्रमुख दल को क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के साथ हाथ मिलाना पड़ रहा है। ताकि सत्ता में बैठे भाजपा के नेता नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के पद से हटाया जा सके।

परंतु भाजपा ने इस बार 400 पार का नारा देकर अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया है लेकिन पंजाब की स्थिति शुरू से देश भर में सबसे अलग रही है। इसका कारण 2014 के नतीजे जिसमें कुछ ही दिन पहले बना नया राजनीतिक दल जिसको आम आदमी पार्टी का नाम दिया और पंजाब ने ही संसद में 4 सांसदों को जिताकर पूरे देश में खाता खोला और पूरे देश में पहचान दी।

पंजाब नए विकल्प की तलाश में था लेकिन क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी अकाली दल और राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और कांग्रेस इसको भांपने में नाकाम हुए और 2022 में पंजाब के लोगों ने आम आदमी पार्टी के 92 विधायक को जितवाकर विधानसभा में मजबूत सरकार का दावा पेश किया।

अब 2024 का चुनावी माहौल भी पंजाब में कुछ नया संकेत दे रहा है और सत्ताधारी दल इस समय आम आदमी पार्टी से भगवंत मान की अगवाई में विराजमान है।

पार्ट 2 वर्षों के कार्यकाल में किए हुए वादे में बिजली बिल माफी वाला वादा तो पूरा कर पाई परंतु शहरों की सफाई व्यवस्था, कानून व्यवस्था की खस्ता हालत से भगवंत मान की तुलना उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से जब करते है तो भगवंत मान को कमजोर समझते है। यहां उनकी ईमानदारी और नियत पर किसी को संदेह नहीं परंतु पंजाब सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल के दौरान अफसरों ने सरकार को फेल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज भी अपने पुराने आकाओं को खुश करने में लगे हैं और शहरों की सफाई व्यवस्था देखकर लोग परेशान होकर पूछ रहे हैं कि क्या इलेक्शन कोड में सफाई करने पर भी रोक लग जाती है?



नॉर्थ विधानसभा के अंतर्गत आते गोपाल नगर की सफाई की मूंह बोलती तस्वीर।

## आज दूसरे फेसबुक लाइव दौरान लोगों के साथ बातचीत करेंगे पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़




बीते महीने पहले फेसबुक लाइव प्रोग्राम की सफलता के बाद पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी द्वारा शुक्रवार (17 मई) को सुबह 11: 00 से 11: 30 बजे तक 'टॉक टू यूयर सी. ई. ओ. पंजाब' शीर्षक अधीन दूसरा फेसबुक लाइव सैशन किया जायेगा, जिस दौरान वह लोक सभा मतदान 2024 से सम्बन्धित वोटरों के सवालों के जवाब देंगे। सिबिन सी ने बताया कि इस पहलकदमी का एकमात्र उद्देश्य वोटरों के दरमियान जागरूकता फैलाना और चुनाव प्रक्रिया से सम्बन्धित उनके अंदेशों को दूर करना है। उन्होंने कहा कि "इस बार 70 पार" के लक्ष्य की प्राप्ति और राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को सम्पूर्ण करने के लिए दफ़्तर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी की तरफ से अलग-अलग पहलकदमियां की गई हैं और यह सैशन उसी का ही हिस्सा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आगे कहा कि वह अधिकारित फेसबुक पेज़ @TheCeoPunjab पर लाइव हो कर चुनाव प्रक्रिया से सम्बन्धित लोगों के सवालों के जवाब देंगे। उन्होंने आगे कहा कि इस लाइव सैशन के दौरान कोई भी व्यक्ति सवाल पूछ सकता है और पोस्ट पर कुमैंट करके अपना फीडबैक और सुझाव भी दे सकता है।

सिबिन सी ने कहा कि वह पिछले सैशन की तरह इस बार भी वोटरों के सवालों का मौके पर ही जवाब देंगे।

## लोक सभा चुनाव 2024 : आब्जर्वरों ने आदर्श चुनाव संहिता को सख़्ती से लागू करने पर दिया ज़ोर

**अधिकारियों को निर्विघ्न लोक सभा चुनाव करवाने के लिए विश्वास बहाली के लिए प्रयत्न बढ़ाने को कहा, ज़िला चुनाव अधिकारी ने उचित ढंग से मतदान करवाने का दिलाया विश्वास, कहा पहले ही सभी प्रबंध यकीनी बनाए जा रहे**

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



जालंधर लोक सभा चुनाव- 2024 के लिए चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त पुलिस आब्जर्वर सतीश कुमार गजभीए और खर्चा आब्जर्वर माधव देशमुख ने अधिकारियों को स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान यकीनी बनाने के लिए आदर्श चुनाव संहिता को सख़्ती से लागू करने के लिए कहा।

ज़िला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिशनर डा. हिमांशु अग्रवाल, पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा और एस.एस.पी.जालंधर ( देहाती) अंकुर गुप्ता सहित बैठक की अध्यक्षता करते हुए आब्जर्वरों ने ज़िला प्रशासन द्वारा किए प्रबंधों विशेषकर सुरक्षा इंतजाम का जायज़ा लिया।

अधिकारियों को संबोधन करते हुए उन्होंने कहा कि आज़ाद और निष्पक्ष/शांतमयी वोटिंग सेहतमंद लोकतंत्र का आधार है, जिसको हर कीमत पर यकीनी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि नगदी और शराब के ग़ैर- कानूनी परवाह को रोकने के लिए टीमें पूरी तरह चौकस रहे। ज़िला प्रशासन द्वारा किए प्रबंधों पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों में विश्वास बहाली के लिए प्रयास बढ़ाए जाएँ जिससे लोग बिना किसी डर, भय के मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें।

खर्चा आब्जर्वर ने एफ.एस.टी. और एस.एस.टी. टीमें को ऐसे क्षेत्रों, जिन की पहचान खर्च किए पक्ष से संवेदनशील क्षेत्रों के तौर पर हुई है, में और ज्यादा चौकस रहने के लिए कहा। इसके इलावा अलग-अलग टीमों के साथ- साथ मुख्य दफ़्तर के साथ बढिया तालमेल को यकीनी बनाने के लिए भी कहा।

ज़िला प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों सम्बन्धित आब्ज़र्वर को जानकारी देते हुए ज़िला चुनाव अधिकारी डा. अग्रवाल ने बताया कि जालंधर लोक सभा चुनाव आज़ाद,निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से करवाने के लिए ज़िला प्रशासन द्वारा पुख़्ता प्रबंध किए गए है, जहाँ 1951 पोलिंग बूथों पर 16 लाख से अधिक वोटर मतदान कर सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि वलनरेबल क्षेत्रों की पहचान, चुनाव स्टाफ की रैंडमाईज़ेशन, एफ.एस.टी., वी.वी.टी. और अन्य टीमों की तैनाती आदि के प्रबंध पहले ही किए जा चुके है।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो ने करवाया वोटर जागरुकता प्रोग्राम, स्लोगन राइटिंग में दिया खन्ना रहीं प्रथम



• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा वोटर जागरुकता अभियान के अंतर्गत आज यहां इनोसेंट हार्ट्स स्कूल, ग्रीन मॉडल टाउन में एक विशेष प्रोग्राम आयोजित कर विद्यार्थियो को वोट डालने के महत्त्व और बुजुर्गों व अन्य को वोटिंग बूथ पर ले जानें में मदद करने के लिए जागरूक किया गया। ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजेश बाली ने बताया की इस जागरूकता प्रोग्राम का मकसद नौजवान वोटरों को अपनी लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपना वोट डालने के महत्व के साथ ही उन लोगों की मदद भी करना है, जो खुद पोलिंग बूथ पर जाकर वोट डालने में असमर्थ हैं। इस मौके पर चुनाव से सम्बन्धित स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में दिया खन्ना द्वारा लिखित स्लोगन 'इलेक्शन ब्रीद-डेमोक्रेसी लिवस' प्रथम स्थान पर, दिशा गुप्ता का स्लोगन 'यूअर वोट इस यूअर वाइस, डू नॉट लेट ईट बी साइलेंस्ड' द्वित्य स्थान पर, मुस्कान वेद के स्लोगन 'हक जताओ बटन दबाओ' ने तीसरा और गरिमा बहल द्वारा लिखित स्लोगन 'पॉवर इस इन यूअर फिंगर, डोंट मिस वोटिंग' ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया।

## पंजाब के 59% खेतों को नहरी पानी मिलने के साथ किसानों को दिन में बिना कटौती के मिल रही बिजली : भगवंत मान

**मुख्यमंत्री ने गुरदासपुर से आप उम्मीदवार शैरी कलसी के लिए किया प्रचार, कादियां में की जनसभा**

• **जालंधर ब्रीज.** गुरदासपुर/चंडीगढ़



मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को गुरदासपुर से आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार शैरी कलसी के लिए चुनाव प्रचार किया। मान ने यहां प्रताप बाजवा के विधानसभा क्षेत्र कादियां में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और लोगों से आम आदमी पार्टी को जिताने की अपील की। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मान ने कहा गुरदासपुर के पिछले सांसदों पर जनता के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया और कहा कि गुरदासपुर लोकसभा से अभी तक जितने भी सांसद हुए उनमें से किसी ने भी यहां के लोगों के लिए काम नहीं किया। सभी ने सिर्फ अपना और अपने परिवार का विकास किया।

मान ने कहा कि इस बार आपके पास अपनी पिछली गलती सुधारने का मौका है। शैरी कलसी आपके घर का लड़का है। वह इस इलाके के लोगों और उनकी समस्याओं को जानता है। इसको जिताओ, सांसद बनने के बाद आप इसके घर पर पहुंच कर अपना काम करवा सकते हो। दूसरे नेता आपको जीतने के बाद यहां दिखाई नहीं देंगे।

मान ने कांग्रेस नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बाजवा के मुख्यमंत्री बनने के सपने की भ्रूणहत्या कर दी और इसका दोष वह हमपर लगाते हैं। वह हमारे विधायकों को मोबाइल रिपेयर करने वाला और मेटेरियल बोलते हैं। मान ने कहा कि बाजवा कहते हैं कि मेरे संपर्क में आम आदमी पार्टी के 32 विधायक है। जबकि उनका सगा भाई भी उनके संपर्क में नहीं है। उन्होंने कहा कि बाजवा का घर पंजाब का एकलौता ऐसा घर है जिसमें भाजपा और कांग्रेस दोनों का झंडा लगा हुआ है। दोनों के बीच में सिर्फ कुछ सीढ़ियों का फासला है।

मान ने सुखबीर बादल पर भी हमला बोला और कहा कि वह एसी में रहने वाले लोग हैं। वह टेम्परेचर पूछकर बाहर निकलते हैं।

## भाजपा जालंधर लोकसभा में विजय का परचम लहराएगी : विजय रुपाणी



• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

भााजपा जिला जालंधर के अध्यक्ष सुशील शर्मा की अध्यक्षता में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश प्रभारी विजय रुपाणी, के नेतृत्व में भाजपा ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के कई बड़े नेताओं को भाजपा में शामिल करते हुए उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलवाई। इसमें आम आदमी पार्टी के प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी गुरिंदर सिंह सगरावाली आदमपुर, वार्ड नंबर 72 के अध्यक्ष, नितज कश्यप, आम आदमी पार्टी के आईटी सेल के इंचार्ज, बंटी भंडारी,वार्ड अध्यक्ष, कुलभूषण जसम, कांग्रेस पार्टी से जोगिंदर पाल पब्बी, जिला कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया इंचार्ज, शेर सिंह शेरु, मनीष मेहरा, मनीष सहगल, दीपक कुमार, बलजीत सिंह, बलबीर सिंह, इंद्रजीत सिंह, लाडी अंगूराल,और विजय,को गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने सिरोपा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई।

## राहुल गांधी व केजरीवाल सनातन धर्म के दुश्मन : डा. सुभाष शर्मा

• **जालंधर ब्रीज.** साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (मोहाली)



श्री आनंदपुर साहिब से भाजपा प्रत्याशी डा. सुभाष शर्मा ने आज कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को सनातन धर्म के दुश्मन की संज्ञा देते हुए कहा कि इन दोनों ने हमेशा सनातन धर्म का विरोध ही किया है जो इस बार इनको बहुत महंगा पड़ेगा। आज मोहाली में अपने डोर टू डोर प्रचार के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने गाँधी परिवार को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस का सनातन विरोधी चेहरा उसी दिन बेनकाब हो गया था जब मनमोहन सिंह सरकार ने श्री रामसेतु को काल्पनिक बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया था। फिर इस साल कांग्रेस ने अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण पत्र ठुकरा दिया। इसके अलावा कांग्रेस और आप जिस इंडी अलायंस का हिस्सा है उसमें वो डीएमके भी है जिसके नेता एम.के स्टालिन सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया से करते है, लेकिन आज तक राहुल गाँधी और अरविन्द केजरीवाल इस मुद्दे पर चुप है। डा. सुभाष शर्मा ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने से कांग्रेस और आप को छोड़ कर हर भारतीय खुश है।

## मेयर वर्ल्ड स्कूल की अध्यापिका प्रीति कक्कड़ ने जीता मिसेज सुपरमेसी इंडिया 2024 का ताज




• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

जालंधर की प्रति कक्कड़ ने मिसेज सुपरमेसी इंडिया 2024 का ताज हासिल किया और साथ में मिसेज फोटो जेनिक, मिसेज टैलेंटिड, मिसेज गोल्डन हार्ट का खिताब भी प्राप्त किया। चंडीगढ़ में सभी प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए उन्होंने यह ताज अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में भारत के अलग-अलग प्रांतों से 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसके ऑडिशन अगस्त 2023 में चंडीगढ़ में हुए थे जिसमें 1800 प्रतिभागियों में से केवल 30 प्रतिभागी फाइनल में स्थान प्राप्त कर सके।

## सुनील छेत्री के सन्यास पर विराट कोहली का कमेंट, लिखा- 'आप पर गर्व है भाई'

**स्पोर्टस डेस्क.** भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान विराट कोहली ने भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री को उनके संन्यास की घोषणा के बाद शुभकामनाएं दी जो कि सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बता दें कि सुनील छेत्री ने 19 साल के शानदार करियर पर ब्रेक लगाने का ऐलान किया है। 6 जून को 39 वर्षीय खिलाड़ी अपना अंतिम मैच कोलकाता में कुवैत के खिलाफ फीफा वर्ल्ड कप क्वालीफायर खेलेंगे। विराट कोहली और सुनील छेत्री एक-दूसरे के बेहद करीब हैं। दोनों के बीच दोस्त, भाई का रिश्ता है।

सुनील को कई बार आईपीएल में आरसीबी के कैंप में भी देखा गया। जहां वो कोहली के साथ कई बार मस्ती करते हुए भी दिखते हैं। वहीं उनके संन्यास पर विराट कोहली ने अपना रिएक्शन दिया है।



सुनील छेत्री ने संन्यास के ऐलान के दौरान जो वीडियो शेयर किया उस पर कोहली ने कमेंट करते हुए लिखा कि मेरे भाई, आप पर गर्व है।

साथ ही उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं देश के लिए इतने मैच खेल जाऊंगा। उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने संन्यास लेने का तय किया तो सबसे पहले अपने माता-पिता और पत्नी को बताया।

बताते चलें कि सुनील छेत्री का करियर तकरीबन 20 साल लंबा रहा। उन्होंने अपने इस शानदार करियर में भारत के लिए 145 मैच खेले, जिसमें 93 गोल दागे। इस वक्त के मौजूदा फुटबॉल खिलाड़ियों की बात करें तो लियोनल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बाद सुनील छेत्री ने सबसे ज्यादा गोल दागे हैं।

## कमिश्नरेट पुलिस जालंधर ने नाकाबंदी के दौरान पकड़ी अवैध नकदी

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान जालंधर में कमिश्नरेट पुलिस शहर के भीतर भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों पर काम कर रही है। दिनांक 16-05-2024 को स्काईलार्क चौक के पास नाकाबंदी चेकिंग के दौरान एक कार एम.जी. हेक्टर पीबी08-ईक्स-9231 को रोका गया।




पुलिस और एसएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई में जालंधर निवासी कार चालक से कुल 5,58,400 रुपये की अवैध नकदी बरामद की, जो चुनाव अवधि के दौरान नकदी ले जाने के बारे में संतोषजनक जवाब देने में विफल रहा। वहीं बरामद नकदी को तुरंत जब्त कर लिया गया और आगे की कार्रवाई के लिए जालंधर के जिला खजाना कार्यालय को सौंप दिया गया।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.